एक नजर में



## शिविर में 150 दिव्यांग बच्चों की जांच

**उज्जैन।** समय पर इलाज मिलने से कई दिव्यांग बच्चों की जिंदगी बदल सकती है। लेकिन आर्थिक तंगी के कारण कई परिवार यह इलाज नहीं करा पाते। ऐसे बच्चों को राहत देने के उद्देश्य से रविवार को अंकितधाम सेवाधाम में नि:शुल्क दिव्यांग परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में करीब 150 बच्चों की जांच की गई। इनमें से 40 से 45 बच्चों का चयन नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए किया गया। इनका ऑपरेशन यूनिक हॉस्पिटल में नीमा ट्रस्ट के माध्यम से कराया जाएगा। शिविर के दौरान ऐसे बच्चों की भी जांच की गई, जो चलने-फिरने में असमर्थ थे। बच्चों के साथ आने वाले अभिभावकों के रहने और भोजन का खर्च भी ट्रस्ट उठाएगा। ऑपरेशन यूनिक हॉस्पिटल में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित 30 बिस्तरों वाले विशेष वार्ड में किए जाएंगे। ऑपरेशन के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के साथ अभिभावक के रूप में मौजूद रहेंगी। शिविर में दिव्यांग बच्चों के अलावा करीब 250 अन्य बच्चों और बुजुर्गों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें से लगभग 50 बच्चों को आगे के इलाज के लिए चिन्हित किया गया। यह शिविर महिला एवं बाल विकास विभाग की अनुशंसा पर आयोजित किया गया था। शिविर में आरोग्य भारती मालवा प्रांत के डॉ. दिवाकर पटेल, मनीष अग्रवाल, नीमा इंस्टीट्यूट ऑफ ऑर्थोपेडिक्स रिहेबिलिटेशन ट्रस्ट के डॉ. प्रमोद नीमा तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक राजेश मेहरा सहित चिकित्सक और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



## जैसीस ने निकाली सनातन धर्म यात्रा

**उज्जैन।** क्षेत्र में अच्छी वर्षा और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर गुप्त नवरात्रि के पावन पर्व पर श्री अग्रवाल जैसीस द्वारा सनातन धर्म यात्रा निकाली गई। उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, उज्जैन विकास प्राधिकरण के डायरेक्टर विजय अग्रवाल और सरोज अग्रवाल ने मंगलनाथ मार्ग से इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्था अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने बताया कि यात्रा उज्जैन से प्रारंभ होकर सबसे पहले आगर स्थित बैजनाथ महादेव पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने शिवजी का अभिषेक और पूजन किया। इसके पश्चात यात्रा नलखेड़ा के लिए रवाना हुई, जहां मां बगलामुखी को चुनरी अर्पित कर अंचल में अच्छी बारिश व सुख-समृद्धि की प्रार्थना की गई। सनातन धर्म यात्रा के सफल आयोजन में समाजसेवी जगदीश गोयल, अजीत मंगलम, जगदीश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, नरेंद्र गुप्ता, तरुण अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, शकुंतला अग्रवाल, शर्मिला गुप्ता, नीलम मित्तल, रेखा गुप्ता, कविता मंगलम, शारदा गर्ग, मनोहर गर्ग, अग्रवाल, उषा गोयल, रंजीता अग्रवाल, मंडी उपाध्यक्ष अनिल गर्ग और विजयालक्ष्मी अग्रवाल का सराहनीय योगदान रहा। अंत में आभार जगदीश गोयल ने माना।



## अयाचित कोउषास भक्ति गौरव सम्मान

**उज्जैन।** नगर के नृत्य गुरु और उद्घोषक पं. सुदर्शन अयाचित को नृत्य कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए बेंगलुरु में उषास भक्ति गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह अलंकरण उन्हें भारत सरकार के संस्कृति विभाग और कर्नाटक सरकार द्वारा आयोजित विशेष समारोह में प्रदान किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता जयंत तेलंग ने बताया कि बेंगलुरु स्थित स्काउट गाइड सभागृह में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उषास फाउंडेशन कर्नाटक की निदेशक कलाईमामणि डॉ. संगीता कंबीलन ने पं. अयाचित को इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा।

## बैंक ऑफ बड़ोदा का स्थापना दिवस मना

**उज्जैन।** बैंक ऑफ बड़ौदा का 119वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में डॉ. राजेंद्र नागर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैंक परिवार द्वारा उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। शुभारंभ डॉ. राजेंद्र नागर ने दीप प्रज्जवलन कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा ग्राहकों को दी जा रही उत्कृष्ट एवं विश्वसनीय सेवाओं की सराहना करते हुए बैंक प्रबंधन, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर शुभभ सोहणी, अभिषेक तोमर, समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी, सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी, आभा कुशवाह, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अधिकारी दीपेन्द्र ने किया।

## निकिता बनीं योगा क्लब की संयुक्त सचिव

**उज्जैन।** शहर की योग संस्था स्वस्थ तन-मन योगा क्लब की कार्यकारिणी में योग प्रशिक्षिका निकिता कुंहेरे को संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति संस्था के अध्यक्ष डॉ. राजेश ठाकुर निर्झर ने की है। निकिता कुंहेरे की इस नियुक्ति पर डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय, डॉ. मनीषा ठाकुर, पीआर निगम, सीपी जोशी, डॉ. मोनी सिंह, डॉ. बालकृष्ण जोशी, राजेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. जितेन्द्र शर्मा और ऐश्वर्या ठाकुर ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# सड़क चौड़ीकरण और मुआवजा प्रस्ताव सर्वसम्मति से मंजूर

**राष्ट्रीय तैराकी अकादमी की राह हुई आसान, खेल विभाग को सौंपा जाएगा स्विमिंग कॉम्प्लेक्स, बैंक से ऋण लेने का प्रस्ताव मंजूर**

**उज्जैन।** नगर निगम के विशेष सम्मिलन में मंगलवार को सिंहस्थ-2028 की तैयारियों, शहर के विकास, खेल सुविधाओं के विस्तार और जनसुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। निगम अध्यक्ष कलावती यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महापौर मुकेश टटवाल, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा तथा पार्षद मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत वंदे मातरम् के गायन से हुई।

बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय सिंहस्थ-2028 को लेकर रहा। मास्टर प्लान की सड़कों के चौड़ीकरण और अन्य अधोसंरचना विकास कार्यों के लिए प्रभावित भवन एवं भूमि स्वामियों को हस्तांतरणीय विकास अधिकार (टीडीआर) उपलब्ध कराने तथा इसके क्रय-पुनर्विक्रय के लिए हडको और वाणिज्यिक बैंकों से ऋण लेने के प्रस्ताव को सदन ने जनहित और निगमहित में सर्वसम्मति से मंजूरी दी। शहर के पुराने और जर्जर सार्वजनिक शौचालयों को हटाकर स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत नए शौचालय बनाने पर निर्णय लिया गया.अनेक स्थानों पर जनसुविधाओं के पुनर्निर्माण के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। बैठक में एमआईसी सदस्य रजत मेहता, अनिल गुप्ता, सत्यनारायण चौहान, दुर्गाशक्ति सिंह चौधरी सहित कई पार्षदों ने विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव रखे। कलावती यादव ने आभार व्यक्त कर सिंहस्थ-2028 और उज्जैन के समग्र विकास के लिए सदन की सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय शहर के भविष्य को नई दिशा देंगे।



### स्विमिंग पूल खेल विभाग को गया-कॉम्प्लेक्स का होगा नामकरण

खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उज्जैन स्थित स्विमिंग कॉम्प्लेक्स को खेल एवं युवा कल्याण विभाग को हस्तांतरित कर वहां राष्ट्रीय स्तर की तैराकी अकादमी स्थापित करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। शासन की आवश्यकता अनुसार अनुमति प्राप्त कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं देवास रोड स्थित तरणताल के नियमित संचालन को भी हरी झंडी मिल गई। बैठक में अलखधाम स्थित निर्माणाधीन नगर निगम शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के नामकरण संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। साथ ही नगर निगम क्षेत्र में पीपीपी मॉडल पर सीबीजी प्लांट स्थापित करने के लिए पूर्व स्वीकृत परियोजना निरस्त कर नई निविदाएं आमंत्रित करने का निर्णय भी लिया गया।

### प्रभावितों को मुआवजा देंगे

सदन ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित भवन स्वामियों को मुआवजा देने के प्रस्ताव भी पारित किए। इनमें गदापुलिया से लालपुल, वीडी मार्केट से छोटी पुलिया, गाड़ी अड्डा से बड़ा पुल, हरिफाटक से महाकाल पार्किंग, गैल इंडिया चौराहा से नीलगंगा, शांति नगर, सांवेर रोड, बिजासन माता मंदिर से देवास रोड सहित कई प्रमुख मार्गों के प्रभावित शामिल हैं। हरिफाटक रेलवे ओवरब्रिज के चार लेन विस्तार में प्रभावित 12 खोली क्षेत्र के परिवारों को भी क्षतिपूर्ति राशि देने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।

## पॉलिटेक्निक में पौधारोपण के साथ पूर्व विद्यार्थियों का किया सम्मान

**उज्जैन।** देवास रोड स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में एल्युमिनी क्लब के तत्वावधान में पौधारोपण और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। परिसर में पौधे रोपे गएऔर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व विद्यार्थी हितेश नागदेव का शॉल, श्रीफल व स्मृति चिह्न भेंटकर विशेष सम्मान किया। समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य आरसी गुप्ता, प्रकाश चित्तौड़ा और सोनू गहलोत विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने एल्युमिनी क्लब के सामाजिक और जनसेवा कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर संस्था के सभी विद्यार्थियों ने वचन पत्र के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देने की सहमति दी। संचालन मनोज राठौर ने किया। समारोह में संदीप जैन, परेश कुलकर्णी, सचिन गौसर, मुकेश शिंदे, विकास पुरबिया, धर्मेंद्र शर्मा, इंजी. अतुल तिवारी मनोज हिंगे सहित बड़ी संख्या में पूर्व विद्यार्थी, शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। अंत में क्लब के सहसचिव आकाश पांडे ने आभार माना।



## बाबा महाकाल : श्रावण-भादौ सवारी की थीम निर्धारित

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने श्रावण-भादौ मास में निकाली जाने वाली भगवान महाकाल की सवारियों को अधिक भव्य, आकर्षक एवं जन-जागरूकता से जोड़ने के उद्देश्य से प्रत्येक सवारी के लिए अलग-अलग थीम निर्धारित की गई है। इन थीमों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेश दिए जाएंगे। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि प्रत्येक सवारी के सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्रभारी एवं सहायक अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। साथ ही मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले जनजातीय नृत्य दल सभी सवारियों में अपनी मनोहारी प्रस्तुतियां देंगे। सभी सवारियों में जनजातीय नृत्य दलों की प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी, जबकि अंतिम राजसी सवारी में ड्रोन से होने वाली पुष्प वर्षा इसकी भव्यता को और अधिक बढ़ाएगी।

### निकलने वाली सवारियों की थीम यह रहेगी

सवारियों की थीम इस प्रकार रहेगी, 3 अगस्त प्रथम सवारी वैदिक उद्बोधन। 10 अगस्त द्वितीय सवारी विभिन्न लोक नृत्य। 17 अगस्त तृतीय सवारी पुलिस, आर्मी, होमगार्ड, विद्यालयीन एवं निजी बैंड की प्रस्तुति। 24 अगस्त चतुर्थ सवारी पर्यावरण संरक्षण। 31 अगस्त पंचम सवारी 84 महादेव की झांकी। 7 सितम्बर राजसी सवारी सिंहस्थ महापर्व-2028 की झांकी तथा ड्रोन के माध्यम से पुष्प वर्षा।

## हजारों रुपए की अवैध शराब जब्त

**उज्जैन।** जिले में अवैध शराब की तस्करी बड़ी मात्रा में हो रही है। अगर पुलिस जब्त नहीं करे तो यह लोगों यहां पर व्यापार की शुरुआत कर दे। मारुति स्विफ्ट कार में अवैध शराब का परिवहन होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की। कार में सवार युवक को हिरासत में लिया गया और मोबाइल जप्त करने के बाद हजारों की शराब बरामद की। युवक से पूछताछ जारी है।

खाचरौद थाना पुलिस ने बताया कि सर्किल भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि मारुति स्विफ्ट कर में अवैध शराब का परिवहन हो रहा है। बड़ावदा क्षेत्र में घेराबंदी की गई कार को रोकने के बाद तलाशी ली गई। डिक्की में शराब की पेटियां भारी होना सामने आया। चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई उसने अपना नाम पंकज पिता परमानंद, निवासी रैदास कॉलोनी, बरगुण्डा मोहल्ला, खाचरौद बताया। पुलिस के अनुसार बरामद शराब 63 बल्क लीटर थी।

### 44 हजार की शराब और 8 लाख की कार

आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर कार और मोबाइल जब्त किया गया है। थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया के अनुसार शराब की कीमत 44 हजार से अधिक और कार की 8 लाख कीमत है। बता दें कि अंचल में शराब की तस्करी काफी मात्रा में हो रही है। वहीं पुलिस भी इन पर कार्रवाई की गिरफ्तार कर रही है।

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर युवती ने कराया युवक का अपहरण

- 50 लाख की मांगी फिरौती, 10 लाख रुपए लेकर किया रिहा

**उज्जैन।** सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर चार दिन की दोस्ती युवक को उस वक्त भारी पड़ गई, जब युवती उससे मिलने पहुंची और उसके गिरोह में शामिल साथियों ने युवक का अपहरण कर लिया। उसका अश्लील वीडियो बनाया और परिवार से 50 लाख की फिरौती मांगी। 26 लाख में सौदा तय किया गया। 10 लाख रूपये लिये गये। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो पड़ताल शुरू की गई। संभावना है कि सभी जल्द पुलिस की हिरासत में होंगे।

नरवर में रहने वाले हैदर पिता कलाम पटेल की कुछ दिन पहले सिहोर की रहने वाली युवती से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई। युवती ने काम की जरूरत होने की बात कहीं। 18 जुलाई की देर शाम युवती उज्जैन पहुंची। हैदर कार से उसे रेलवे स्टेशन लेने गया। जहां से हैदर उसे इंदौररोड स्थित परिचित की होटल लेकर आया। जहां काम की बात कराई गई। होटल से दोनों कार से निकले, उसी दौरान तपोभूमि के समीप 2 कारों में सवार होकर 5 से 6 व्यक्ति पहुंचे और हैदर की कार को रोक लिया। उन्होंने हिन्दू युवती के साथ होने पर मारपीट की और हैदर की आंख पर पट्टी बांधकर अज्ञात स्थान पर ले गये। जहां उसका अश्लील वीडियो बनाया गया और 50 लाख की फिरौती मांगी गई। नहीं देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। हैदर के परिवार ने 50 लाख देने में असमर्थता जताई तो 26 लाख में सौदा तय किया गया। परिवार ने 10 लाख की राशि अपहरणकर्ताओं तक पहुंचाई। आंखों पर पट्टी बांधकर एक दिन तक अज्ञात स्थान पर बंधक बनाकर रखने के बाद के बाद 19 जुलाई को हैदर का इंदौर रोड पर छोड़ दिया। 16 लाख की वसूली के लिये उसकी कार, चैन और घड़ी रख ली। सोमवार को हैदर ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत नानाखेड़ा थाने पहुंचकर दर्ज कराई।

### गिरोह की तलाश में सीसीटीवी देखे जा रहे

पुलिस ने अपहरण, ब्लैकमेलिंग, अवैध वसूली सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर पड़ताल शुरू की है। मामले में नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि शिकायत दर्ज कर अपहरण-ब्लैकमेलिंग में शामिल गिरोह की तलाश में सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जा रही है। तकनीकी साक्ष्यों से पता लगाने की कोशिश जारी है। सिहोर की रहने वाली युवती का नाम अंजली ठाकुर सामने आया है। उसे 10 लाख ठगने वाले गिरोह का साथी माना जा रहा है। गिरोह में शामिल एक युवक का नाम लोकेश शर्मा सामने आया है। पुलिस की टीम अलग-अलग स्थानों पर रवाना की गई है। संभावना है कि मामले का जल्द खुलासा किया जायेगा।

## 30 दिवसीय नि :शुल्क कौशल व व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण शुरू

**उज्जैन।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ और उन्नति फाउंडेशन के सहयोग से 30 दिवसीय नि:शुल्क कौशल एवं व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को रोजगारोन्मुखी कौशल, व्यक्तित्व विकास और प्रभावी संचार क्षमता से सशक्त बनाना है।

मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. प्रशांत पुराणिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। उन्नति फाउंडेशन की ओर से शालिनी शर्मा ने संस्था द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं रोजगारपरक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। परसराम पाटीदार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कमर्शियल पायलट बनने के अवसरों तथा चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। मुस्कान हरभजनका ने छात्राओं को डिजिटल साक्षरता, व्यक्तित्व विकास तथा रोजगारोन्मुखी कौशल के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम मे 30 दिनों तक स्पोकन इंग्लिश, सार्वजनिक भाषण, वाद-विवाद तथा नैतिक मूल्यों के विकास जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।



### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना की विस्तृत जानकारी डॉ. जीडी अग्रवाल ने दी। जिसके अंतर्गत छात्राओं का रजिस्ट्रेशन डॉ. दिव्या गल्होत्रा द्वारा किया गया। स्वागत भाषण डॉ. भारती श्रीवास्तव ने दिया। संचालन डॉ. रंजना व्यास ने किया। इस अवसर पर डॉ. रश्मि भार्गव, डॉ. अर्पिता त्रिवेदी और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. विक्रांत शाह ने किया।

## रिक्शा चार्ज पर लगा रहे युवक को लगा करंट, अस्पताल में मौत

**उज्जैन। रिक्शा चार्ज पर लगा रहे युवक को रात में करंट लग गया उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर जांच शुरू की है।**

नीलगंगा थाना क्षेत्र के कवेलू कारखाने के पीछे रहने वाला आनंद पिता लखन 19 साल ई रिक्शा चलाता था। उसके पिता भी रिक्शा चलाने का काम करते हैं। रात में आनंद रिक्शा लेकर घर लौटा था और चार्जिंग पर लगा रहा था इस दौरान करंट की चपेट में आ गया बारिश होने की वजह से ज़मीन गीली होने से उसे जोरदार झटका लगा था। रात में ही परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मंगलवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। ई रिक्शा चार्जिंग पर लगाते समय करंट लगने की 7 दिन में दूसरी घटना सामने आई है इससे पहले भेरूगढ़ क्षेत्र में रहने वाले युवक की रिक्शा चार्जिंग पर लगाते समय करंट लगने से मौत हुई थी।

एक नजर में

**जबलपुर की महिला भक्त लेकर पहुंची, बोली-हमारे खेत के हैं**

# भगवान महाकाल को चढ़ाए 2 .70 लाख रुपए किलो के विदेशी आम

**उज्जैन।** ज्योतिर्लिंग महाकाल के दरबार में जबलपुर की रहने वाली महिला भक्त दुनिया के सबसे महंगे आमों में एक जापान का मियाजाकी आम लोक पहुंची और भोग के रूप में अर्पित किए। आपको बता दे कि ये आम विदेशों में 2.70 लाख रुपए किलो में बिकते हैं। महिला भक्त रानी सिंह परिहार ने बताया कि वह पिछले 12 सालों से आम चढ़ाने आ रही है। उनके खेत में विदेशी नस्ल के कई महंगे आम उगते हैं। पहली फसल के रूप में वह आम लेकर सबसे पहले महाकाल आती है। उनके महाकाल हाइब्रिड फार्म में कई तरह के विदेशी आम है।साल 2014 से वह आम लेकर महाकाल आ रही है। इस बार उन्होंने 5 किलो के 8 अलग-अलग प्रीमियम किस्मों के आम चढ़ाए है।

इधर बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन महाकाल की शयन आरती में शामिल हुए। उन्होंने बाबा के गर्भगृह के बाहर से दर्शन कर आशीर्वाद लिया। नीली जींस और सफेद शर्ट पहने कार्तिक ने नंदी हॉल में श्रद्धाभाव से हाथ जोड़कर पूरी शयन देखी। इसके बाद नंदी जी के कान में मनोकामना कहीं। आर्यन आने वाली नई फिल्म नाग जिला, फैंटेसी कॉमेडी, एक देशभक्ति



एक्शन ड्रामा, चंदू चैंपियन में नजर आएंगे। वहीं सुबह ओडिशा के राज्य मंत्री गोकुला नंदा महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुए।



## कॉलेज में सेमिनार में विशेषज्ञों ने बताए गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के गुर

- प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
- के भूगोल विभाग का आयोजन

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (शासकीय माधव महाविद्यालय) के भूगोल विभाग द्वारा सामाजिक विज्ञान संकाय में शोध प्रविधि का अनुप्रयोग विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों ने शोधार्थियों को वैज्ञानिक अनुसंधान पद्धतियों और गुणवत्तापूर्ण शोध के महत्व से अवगत कराया। सेमिनार में डॉ. डी.पी. चतुर्वेदी उपस्थित थे। उन्होंने शोधार्थियों को शोध प्रविधि के विभिन्न आयामों, शोध समस्या के चयन व विश्लेषण पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। अध्यक्षता प्रो. ज्योति उपाध्याय ने की। संचालन डॉ. नूतन पंवार ने किया तथा अंत में आभार डॉ. गणेश राठौर ने माना। इस अवसर पर कमल बंगरिया सहित प्राध्यापकगण, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित थे।



### प्रश्नोत्तर सत्र में शांत की जिज्ञासाएं

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्राचार्य मंसूर खान ने भी शोधार्थियों को अपना आशीर्वाद देते हुए उनका मार्गदर्शन किया। इससे पूर्व भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. मोहन निमोले ने अतिथियों का स्वागत कर विद्यार्थियों को अनुसंधान के प्रति गंभीर एवं समर्पित दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। सेमिनार में एक प्रश्नोत्तर सत्र भी रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विषय विशेषज्ञों से अपनी शोध संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।